(ख) क्या सरकार को इसके विरोध में कुछ संसद सदस्यों से ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) दोनों के लिए कक्ष एक है लेकिन निरामिष और समिष खंडों को लोहे की जाली द्वारा विभाजित किया गया है । इन दो खंडों के लिए अलग-अलग रसोइयों और अलग-अलग बर्तनों की व्यवस्था की गयी है ।

(ख) रेल मंत्रालय को कोई ऐसा अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है ।

राजस्थान में परिवार नियोजन के लिये वित्तीय सहायता

886. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राजस्थान को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लिए दिये गये अनुदान का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस संबंध में अब तक क्या लक्ष्य प्राप्त किये गये हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान राज्य को वर्ष 1985-86 के दौरान 2030.46 लाख रुपये, 1986-87 के दौरान 1803.20 लाख रुपये तथा 1987-88 के दौरान 2558.18 लाख रुपये दिए गए ।

(ख) विवरण उपाबंध में देखा जा सकता है [देखिये परिशिष्ट CXLVI अनुषंग संख्या 30] ।

दिल्ली में मच्छरों का प्रकोप

887. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कतिपय क्षेत्रों में (जैसे कि संसद सदस्यों के निवास स्थानों के आस-पास) मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण पाने के लिए समय-समय पर मच्छरमार दवाइयों का छिड़काव किया जाता है ;

(ख) क्या दिल्ली के अन्य इलाकों में, जहां पर मच्छरों का काफी अधिक प्रकोप है, में भी इसी क्रम से दवाई का छिड़काव किया जाता है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा दिल्ली में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए क्या उपचारी उपाय किए गए हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) से (घ) मलेरिया और मच्छरों के प्रकोप को फैलाने के लिए आवश्यक उपाय दिल्ली प्रशासन के समग्र निर्देशन और देख-रेख में स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों अर्थात् दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा किए जाते हैं ।

शहरी क्षेत्रों में लार्वारोधी उपाय जिनमें फेंथिऑन टेमीफोस पायसोरिन तेल, मच्छर लार्वानाशी तेल आदि जैसे उपयुक्त लार्वानाशकों के द्वारा मच्छर प्रजनन स्रोतों को समाप्त करना भी शामिल है, साप्ताहिक आधार पर किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त मेलेथियन टेकनीकल से फॉगिंग आपरेशन भी किया जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों और तटीय इलाकों में बी०एच०सी० के साथ कीटनाशकों का छिड़काव दिल्ली नगर निगम द्वारा किया जाता है । वर्ष के इस भाग में मच्छरों का बढ़ना स्वाभाविक है लेकिन मलेरिया फैलने का कोई खतरा नहीं है ।